हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, शनिवार 31 जनवरी 2026

11 709 ने दी परीक्षा, सफल विद्यार्थी देंगे लेवल 3 परीक्षा



12 दिल्ली से सालासर वाया नारनौल चलेगी रोडवेज...



## ग्रामीणों पर जन व पशु हानि होने का मंडराया खतरा

# दत्ताल के पहाड़ की तलहटी पर टहलते तेंदूए का वीडियो वायरल, फोरेस्ट विभाग ने चलाया सर्च अभियान

**खेतों से चारा लाने को तैयार नहीं महिलाएं, पशुओं की बढ़ी परेशानी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नांगल चौधरी

दत्ताल गांव के पास पहाड़ की तलहटी पर टहलते हुए एक तेंदूए की वीडियो क्लिप वायरल हुई है। जिससे भयभीत ग्रामीणों ने सरपंच को स्थिति से अवगत कराया तथा फोरेस्ट विभाग में शिकायत दर्ज कराई है। वन राज्यक अधिकारी रजनीश यादव ने वीडियो क्लिप के अनुसार मौका निरीक्षण किया जिसमें वास्तविकता की पुष्टि होने पर ग्रामीणों को अलर्ट रहने की हिदायत दी है। साथ ही विभाग ने पिंजरों का प्रबंध करके तेंदूए की खोजबीन आरंभ कर दी है।

सरपंच जिलेसिंह ने बताया कि शुक्रवार की सुबह वाट्सग्रुपों में एक वीडियो वायरल होने की सूचना मिली थी, जिसमें एक गाड़ी पहाड़ के साथ तलहटी पर राजस्थान की तरफ जा रही है। पंचायत घर से आगे लाइट की रोशनी में एक तेंदूवा खड़ा दिखाई दिया। गाड़ी को अपनी तरफ आती देखकर तेंदूवा भी धीमी रफ्तार से आगे-आगे चलना शुरू कर दिया। थोड़ी दूर चलने के बाद तेंदूवा पेड़ों में ओझल हो गया। वीडियो को देखने के बाद ग्रामीणों में भय का माहौल उत्पन्न हो गया। शिकायत मिलने पर वीडियो क्लिप को फोरेस्ट अधिकारी के पास भेजा गया। करीब एक बजे रेंजर रजनीश यादव दलबल सहित दत्ताल पहुंचे तथा वीडियो क्लिप के अनुसार जगह का मिलान किया। सच्चाई की पुष्टि होने पर उन्होंने हिंसक जानवर के पदचिन्ह तलाशे किंतु पत्थरीला मार्ग होने के कारण सफलता नहीं मिली। इसके बाद उन्होंने पहाड़ के साथ लगते ग्रामीणों से संपर्क किया तथा उनसे नुकसान संबंधी जानकारी ली। पहाड़ पर मृत जानवरों के अवशेष तलाशे गए किंतु मिले नहीं।



नांगल चौधरी। दत्ताल में पहाड़ की तहलटी पर गाड़ी के आगे चलते हुआ तेंदूवा। फोटो : हरिभूमि

वीडियो की सत्यता साबित होने पर विभाग ने पहाड़ पर गश्त बढ़ा दी और पिंजरों का प्रबंध करके हिसंक जानवर को पकड़ने का प्रयास तेज कर दिया है।

### तेंदूए के पदचिन्ह नहीं मिले वीडियो क्लिप गलत नहीं

फोरेस्ट विभाग के रेंज अधिकारी रजनीश यादव ने बताया कि वीडियो क्लिप का रास्ते से मिलान किया गया है जिसमें वायरल वीडियो सही है। लेकिन तेंदूए के पदचिन्ह नहीं मिले, क्योंकि रास्ता इंटरलॉक टाइलों से पक्का निर्माण है और पहाड़ की तलहटी पर कंकरीली जमीन है जिस पर पदचिन्ह आना संभव नहीं। ग्रामीणों को सावधानी बरतने की हिदायत दी है और हिंसक जानवर की खोजबीन में विभागीय टीम जुटी हुई है।

### ग्रामीणों में भय का माहौल जानलेवा हादसे का खतरा

ग्रामीणों ने बताया कि पहाड़ के साथ में 400 से अधिक मकान हैं, जोकि दैनिक दिनचर्या व टहलने की प्रक्रिया इधर ही करते हैं। तेंदूए की वीडियो क्लिप वायरल होते ही ग्रामीणों ने खेतों में जाना बंद कर दिया। महिलाओं को चारा लाने के लिए खेतों में जाना होता है किंतु अब जानलेवा खतरे की आशंका होने से डरने लगी हैं। उन्होंने बताया कि कुछ ग्रामीण बकरी पालन करते है तथा पहाड़ पर ही चराते हैं। उन्हें अब तेंदुवे के आंतक का भय सताने लगा है।

## खबर संक्षेप

### 15 वर्षीय छात्रा ने लगाया फंदा, मौत

**महेंद्रगढ़।** गांव दौंगड़ा अहीर की 15 वर्षीय छात्रा ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। छात्रा की माता ने उसकी मौत को लेकर पढ़ाई की डिप्रेशन बताया है। पुलिस ने मृतका का नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया है। छात्रा की माता राधा ने बताया कि उसकी चार लड़की है, सबसे छोटी 15 वर्षीय लवली हैं। लवली सरकारी स्कूल दौगड़ा में नौंवी कक्षा की छात्रा थी। रविवार को छुट्टी का दिन होने के कारण घर पर ही थी। वह अपने बच्चों के साथ निजी काम को लेकर बाहर चली गई।

### बाइक चोरी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**नारनौल।** सिटी पुलिस टीम ने बाइक चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले रेवाड़ी के आदर्शनगर वासी आरोपित रविन को गिरफ्तार किया है। मोहल्ला रावका वासी शिकायतकर्ता योगेश कुमार ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया था कि 12 जनवरी की रात को उसके घर के बाहर खड़ी उसकी बाइक चोरी हो गई थी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने त्वरित संज्ञान लेते हुए भारतीय न्याय संहिता की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपित रविन को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पता लगाया कि आरोपित के खिलाफ पूर्व में भी चोरी के मामले दर्ज हैं।

## ग्रीवेंस मीटिंग में नहीं आए सहकारिता मंत्री, उपायुक्त ने सुनीं समस्याएं

# 6 माह में भी नहीं मिली पुलिस सहायता, निर्माण कार्य अटका!

*डीसी ने ली जन परिवेदना समिति की मासिक बैठक, 12 में से 8 मामले मौके पर निपटाए*

- भुंगारका में वीकेसी व पंचायत भवन की चारदीवारी के लिए नहीं मिली पुलिस सहायता, अब फिर मिला आश्वासन
- भुंगारका मामले में डीसी ने एक सप्ताह में पुलिस सहायता दिलाने का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिला लोक संपर्क एवं जन परिवेदना समिति की बैठक शुक्रवार दोपहर सहकारिता मंत्री डा. अरविंद शर्मा की अगुवाई में होनी थी। किसी कारण वह नहीं आए तो यह बैठक डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने ली। इस दौरान पहले से ही निर्धारित 12 मामले सुनवाई के लिए रखे गए थे, जिनमें से आठ मामलों का मौके पर ही निपटारा किया गया। इस दौरान विधायक ओमप्रकाश यादव भी मौजूद रहे। इस बैठक में गांव भुंगारका में वीकेसी भवन व पंचायत भवन की चारदीवारी के लिए पुलिस सहायता नहीं मिलने का मुद्दा उठा।

### कैसे हो विकास कार्य

गांव भुंगारका के सरपंच (बहुमत वाले पंच) ने ग्रीवेंस में शिकायत दी है। इस शिकाय में बताया गया है कि ग्राम पंचायत भुंगारका की पंचायती भूमि पर वर्षों से चले आ रहे अवैध कब्जे को हटाने की कार्रवाई हरियाणा पंचायती राज्य अधिनियम 1994 की धारा 24 (1) एवं 24 (2) के अंतर्गत प्रशासन द्वारा छह जुलाई 2023 को ड्यूटी मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में विधिवत रूप से की गई थी तथा उक्त भूमि को पंचायत के अधिकार में पुनः लिया गया था।

इसके उपरांत पंचायत द्वारा भूमि की सुरक्षा एवं सार्वजनिक संपत्ति के सरंक्षण हेतु वीकेसी भवन एवं पंचायत भवन की चारदीवारी निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया। परंतु पूर्व कब्जाधारियों एवं अन्य लोगों द्वारा पंचायत पदाधिकारियों तथा मजदूरों को धमकाकर एवं हमला कर निर्माण जबरन रूकवा दिया गया। पूर्व कब्जाधारियों द्वारा माननीय सिविल न्यायालय में स्थगत (स्टे) हेतु दायर याचिका खारिज हो चुकी है। इसके पश्चात उनके द्वारा सेशन कोर्ट नारनौल में केस दायर किया गया है। वर्तमान स्थिति यह है कि पंचायत भवन एवं वीकेसी भवन की तीन दिशाओं में चारदीवारी पूर्ण हो चुकी है, जबकि एक दिशा में निर्माण कार्य अवैध दबाव, धमकियों एवं हिंसा की आशंका के कारण रूका हुआ है, जबकि संबंधित निर्माण कार्य का ई टेंडर विधिवत रूप से स्वीकृत है।

इस गंभीर स्थिति से प्रशासन को अवगत करवाने के लिए 20 जून 2025, 24 जून 2025 व 26 नवंबर 2025 को नांगल चौधरी बीडीपीओ को लिखित में शिकायतें दी। नांगल चौधरी पुलिस थाना में भी शिकायत दी गई, परंतु आज तक कोई पुलिस सहायता, सुरक्षा व्यवस्था या प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई।



नारनौल। ग्रीवेंस मासिक बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

### पुलिस सहायता मांगी, नहीं मिली

नांगल चौधरी बीडीपीओ ने ग्रीवेंस में दी अपनी रिपोर्ट में जवाब दिया कि गांव भुंगारका में वीकेसी व पंचायत भवन चारदीवारी निर्माण के लिए पुलिस सहायता दिलवाने बारे प्रस्ताव नंबर दो दिनांक 26 नवंबर 2025 दिया गया। जिस पर कार्रवाई करते हुए खण्ड कार्यालय के पत्र क्रमांक 2764 दिनांक 28 नवंबर 2025 द्वारा दिनांक तीन दिसम्बर 2025 को पुलिस सहायता उपलब्ध करवाने के लिए पुलिस अधीक्षक की सेवा में भेजा गया, परंतु तीन दिसम्बर 2025 को पुलिस सहायता उपलब्ध नहीं करवाई गई। जिस कारण वीकेसी व पंचायत भवन की चारदीवारी निर्माण की कार्यवाही नहीं की जा सकी। अब पुलिस सहायता के लिए दोबारा अनुरोध किया गया है। बीडीपीओ कार्यालय का कार्यवाही करने के लिए प्रयास जारी है। इस सुनवाई में उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शिकायतकर्ता को आश्वासन दिया कि श्रीराम कथा में पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी लगी हुई है। चार दिन में ओर रूक जाएं। फिर पुलिस सहायता मुहैया करवा दी जाएगी।

### यह मुद्दे भी छाएं

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे आम नागरिकों को सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने का प्रयास करें। हर नागरिक की शिकायत को अच्छी तरह से सुनकर इसका निपटारा समय पर करें। उन्होंने पाली गांव के सरपंच की खराब स्ट्रीट लाइटों की शिकायत पर उपायुक्त ने जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी को मामले की जांच करने के निर्देश दिए। गांव कोथल खुर्द निवासी परमजीत व अन्य 12 सदस्यों की प्लाटों की एनओसी न मिलने की शिकायत पर उपायुक्त ने एसडीएम महेंद्रगढ़ को जांच करने के निर्देश दिए। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ, अतिरिक्त उपायुक्त तरुण कुमार पावरिया कुमार, महेंद्रगढ़ एसडीएम कनिका गोयल, कनीना एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, नांगल चौधरी एसडीएम उदय सिंह, डीएमसी रणवीर सिंह, नगराधीश डॉ मंगल सेन, कनीना डीएसपी दिनेश कुमार, कॉपरेटिव बैंक महेंद्रगढ़ के चेयरमैन राजेंद्र शर्मा उर्फ राजू, ग्रीवेंस कमेटी के सदस्यों के अलावा अन्य अधिकारी व नागरिक भी मौजूद थे।

## साइबर कैफे पर अपने दोस्त के पास बैठे युवक पर हमला

घायल को गांव के ही दो युवकों ने बुरी तरह से पीटा, केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नांगल चौधरी थाना क्षेत्र के गांव नांगल कालिया में बोलेरो गाड़ी में सवार होकर आए युवकों ने आयुष साइबर कैफे में बैठे कुलदीप नामक युवक पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में युवक कुलदीप जख्मी हो गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दूसरी ओर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

नांगल कालिया निवासी कुलदीप बीती शाम करीब 6:30 बजे गांव के बस स्टैंड पर बने एक साइबर कैफे पर बैठा था। तभी कर्मबीर अपने साले के साथ बोलेरो गाड़ी में सवार होकर बस स्टैंड के पास स्थित आयुष साइबर कैफे पर पहुंचा और कैफे में घुसकर कुलदीप पर हमला कर दिया। यह पूरी वारदात वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें आरोपी युवक को घसीटते हुए नजर आ रहे हैं। घायल युवक को नागरिके अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित कुलदीप ने बताया कि वह पेशे से ड्राइवर है। गत वर्ष गांव के ही कर्मबीर ने उसके दोस्त अनूप के साथ मारपीट की थी। वह अक्सर अनूप के घर और उसके आयुष साइबर कैफे पर आता-जाता रहता था। इसी कारण कर्मबीर उससे भी रंजिश रखने लगा था। कुलदीप ने बताया कि बीती शाम करीब 6:30 बजे कर्मबीर अपने साले के साथ बोलेरो गाड़ी में सवार होकर गांव के बस स्टैंड के पास स्थित आयुष साइबर कैफे पर पहुंचा। उस समय कैफे पर दलीप और विजयपाल भी मौजूद थे। उनका आरोप है कि आते ही कर्मबीर ने उसके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी। विरोध करने पर कर्मबीर और उसके साले ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और उसे घसीटकर बाहर ले गए।

पीड़ित के अनुसार जान बचाने के लिए वह वापस साइबर कैफे में भाग गया और गेट अंदर से बंद कर लिया, लेकिन आरोपितों ने गेट तोड़ दिया और उसे दोबारा बाहर निकालकर बुरी तरह से मारापीटा। घटना के दौरान मौके पर काफी भीड़ एकत्र हो गई, जिसके बाद दोनों आरोपित बुलेरो गाड़ी लेकर फरार हो गए, जबकि पीड़ित को अस्पताल ले जाया गया। दूसरी ओर घटना की सूचना मिलने पर पुलिस सीएचसी नांगल चौधरी पहुंची, जहां कुलदीप का मेडिकल परीक्षण कराया गया। मेडिकल रिपोर्ट में उसे तीन चोटें लगने की पुष्टि होना बताया जा रहा है। पुलिस ने पीड़ित के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।



नारनौल। साइबर कैफे के अंदर मौजूद युवक एवं आरोपित। फोटो : हरिभूमि

## हल्दीराम फूड इंटरनेशनल व दुकानदार पर लगाया 25 हजार जुर्माना

**मंडी अटेली।** जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग नारनौल ने हल्दीराम फूड इंटरनेशनल प्राइवेट लिमिटेड एवं मंडी अटेली के एक दुकानदार पर 25 हजार का रुपये जुर्माना लगाया है। एक उपभोक्ता की शिकायत पर यह फैसला सुनाया है। अटेली-बेगपुर निवासी एडवोकेट विक्रम सिंह ने बताया कि मनीष यादव ने छह जून 2020 को अटेली मंडी के एक दुकानदार से हल्दीराम आलू की भुजिया का पैकेट खरीदा था, जिस पर कंपनी का 230 ग्राम वजन का मूल्य वसूल किया था, लेकिन देखने में पैकेट का वजन कम लग रहा था। इसलिए मनीष यादव ने उक्त पैकेट का वजन डिजिटल कांटे पर कराया तो पैकेट का वजन 156 ग्राम निकला, जिस पर मनीष यादव ने अपने वकील विक्रम सिंह से संपर्क किया तो एडवोकेट ने मनीष यादव को कंपनी को सूचि करने की सलाह दी, जिस पर उपभोक्ता ने एक मेल हल्दीराम कंपनी को आठ अक्टूबर 2020 को भेजी। मेल मिलने के बाद भी कंपनी ने उपभोक्ता को कोई संतोषजनक जबाब नहीं दिया, जिस पर उपभोक्ता अपने वकील के माध्यम से जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग नारनौल में शिकायत अंकित करवाई।



## गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए विभागीय कार्रवाई, 24 सिलेंडर पकड़े

*पकड़े गए सिलेंडर को टीम ने संबंधित एजेंसी में जमा करवाए*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

क्षेत्र के गांव पाली में सोमवार को घरेलू गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग की ओर से बड़ी कार्रवाई की गई। इस दौरान खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर विनोद कुमार, सतनाली इंस्पेक्टर संदीप कुमार, सतनाली इंस्पेक्टर प्रमोद शेखावत के नेतृत्व में टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर गांव पाली में पिकअप गाड़ी से 24 सिलेंडर पकड़े हैं। टीम ने पिकअप गाड़ी से 14 एचपी एजेंसी व नौ इंडियन एजेंसी के सिलेंडर बरामद किए हैं। पकड़े गए सिलेंडर को टीम ने संबंधित एजेंसी में जमा करवा दिए हैं।

बता दें कि खाद्य आपूर्ति विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि गांव पाली में गोपाल की पिकअप गाड़ी में अवैध रूप से सिलेंडर रखे हुए हैं। इसी सूचना के आधार पर विभाग ने गांव पाली में रैड की। पिकअप गाड़ी की जांच की गई। पिकअप में 24 गैस सिलेंडर थे तथा सभी में गैस भी भरी हुई थी। अधिकारियों ने गोपाल से सिलेंडर संबंधी कागजात की मांग की, परंतु वह कुछ भी प्रस्तुत नहीं कर पाया। बताते चलें कि व्यवसायिक गतिविधियों में घरेलू गैस सिलेंडर के इस्तेमाल पर सरकार ने रोक लगा रखी है। इसके बावजूद भी प्रयोग में घरेलू गैस सिलेडरों का प्रयोग करते हैं।

### कार्रवाई आगे भी रहेगी जारी

खाद्य आपूर्ति विभाग के इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का अवैध रूप से कारोबार करने वाले लोगों पर कार्रवाई जारी रहेगी। व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग करने वालों पर भी विभाग द्वारा कार्रवाई की जाएगी। गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए विभाग द्वारा कार्रवाईर जारी रहेगी।

## श्रद्धाभाव से सैकड़ों भक्तों ने डाली महायज्ञ में आहुति

# जोरासी धाम में सात दिवसीय 151 कुंडिय सहस्त्र चंडी महायज्ञ एवं श्रीराम कथा का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर के नजदीक जोरासी धाम में सात दिवसीय 151 कुंडिय सहस्त्र चंडीमहायज्ञ एवं जगतगुरु स्वामी श्रीरामभद्राचार्य द्वारा श्रीराम कथा का शुक्रवार को समापन हो गया। श्रीराम कथा के अंतिम दिन हजारों की तादाद में भक्तगण श्रीराम कथा सुनने के लिए जोरासी पहुंचे। जिनमें महिलाओं एवं बुजुर्गों की संख्या काफी अधिक देखने को मिली। श्रीराम कथा के अंतिम दिन व्यास पीठ से जगतगुरु स्वामी श्रीरामभद्राचार्य ने श्रोताओं को रावण वध एवं भगवान श्रीरामचंद्र जी के राज्याभिषेक, भरत मिलाप और भजनों के साथ कथा का भावपूर्ण समापन किया। उनके द्वारा अंतिम दिवस की कथा में रामायण के रामकथा प्रसंगों का सार, ज्ञान और भक्ति का विशेष मिश्रण देखने को मिला। जिसने श्रोताओं को भावविभोर कर दिया।



### यज्ञ से वातावरण होगा शुद्ध

24 जनवरी से 30 जनवरी तक जोरासी धाम में भव्य 151 कुंडिय सहस्त्र चंडी महायज्ञ चला। जो शुक्रवार को पूर्ण आहुति के बाद संपन्न हुआ। महायज्ञ के अंतिम दिन आर्यवर्त सेवा न्यास के संस्थापक विनीत पिलानिया ने अपने परिवार एवं परिजनों के साथ भक्ति भाव व श्रद्धा के साथ भाव विभोर होकर सहस्त्र चंडी महायज्ञ में आहुति डाली और यज्ञ पूर्ण किया। महायज्ञ की पूर्ण आहुति में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और जगदंबिका माता का आशीर्वाद प्राप्त किया। महायज्ञ में पूजन करवाने वाले विद्वान पंडितों के मुताबिक यह 151 कुंडिय सहस्त्र चंडी महायज्ञ बहुत ही फलदायक व शुभ होता है। उनके मुताबिक इस भव्य महायज्ञ का असर 30 योजन तक देखने को मिलेगा। यज्ञ के प्रभाव से जहां वातावरण शुद्ध होगा, वहीं लोगों को बीमारियों से भी निजात मिलेगी।

### राजनीति के दिग्गजों ने लिया आशीर्वाद

कार्यक्रम में पहुंचने पर कार्यक्रम के आयोजक एवं आर्यवर्त सेवा न्यास के संस्थापक विनीत पिलानिया व हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व चेयरमैन गोविंद भारद्वाज ने यहां पहुंचने वाले सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान किया। इनमें महेंद्रगढ़ से विधायक कंवर सिंह यादव, अंबाला से विधायक असीम गोयल, मुख्यमंत्री के पूर्व ओएसडी व भाजपा नेता राव अभिमन्यु सिंह व इलाके के पंच-सरपंचों और प्रदेश की विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने भी शिरकत की।

## अटेली पालिका की बैठक में विकास कार्यों पर लगी मोहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

कागजी योजनाओं से आगे बढ़ते हुए अटेली नगर पालिका की वित्तीय कमेटी बैठक में शहर को नए स्वरूप देने वाले विकास कार्यों पर मुहर लगाई गई। बैठक में करीब 80 लाख रुपये की लागत से ऐसे प्रस्ताव पारित किए गए, जिनका सीधा असर आमजन की सुरक्षा, सुविधा और शहरी सौंदर्यीकरण पर पड़ेगा।

बैठक में नए नगर पालिका कार्यालय के बाहर सीसीटीवी कैमरे, चारदीवारी पर फेंसिंग, नगर पालिका क्षेत्र में लाइब्रेरी की स्थापना, विस्तारित सीमा वाले क्षेत्रों पर स्वागत द्वार, अंडरपास से सिटी पार्क तक सड़क निर्माण तथा अंबेडकर भवन पार्क में रिचार्ज बोर की व्यवस्था जैसे अहम कार्य शामिल हैं।

नगर पालिका अध्यक्ष संजय गोयल ने बैठक के बाद कहा कि अटेली के विकास में किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव व हरियाणा सरकार के सहयोग से नगर पालिका को पर्याप्त बजट मिल रहा है, जिससे साफ-सफाई, सुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है।

बैठक में वाइस चेयरमैन रामकिशन जांगिड़, वित्तीय कमेटी सदस्य अलका यादव, एमई दिनेश यादव, जेई मनीष यादव, लेखाकार सत्येंद्र यादव, पार्षद मनीष सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### पुलिस कांस्टेबल भर्ती: युवाओं में उत्साह, आज अंतिम तिथि

**नारनौल।** प्रदेश में पुलिस कांस्टेबल भर्ती को लेकर युवाओं में उत्साह देखने को मिल रहा है। भर्ती प्रक्रिया के तहत ऑनलाइन आवेदन जारी हैं और अब तक लगभग तीन लाख अभ्यर्थी अपने आवेदन फॉर्म को फाइनल सबमिट कर चुके है। एचएसएससी के चेयरमैन हिम्मत सिंह ने सोशल मीडिया के माध्यम से स्पष्ट किया है कि अभ्यर्थी 31 जनवरी 2026 रात 11:59 बजे से पहले ही अपना आवेदन पूरा कर लें, क्योंकि अंतिम तिथि के बाद किसी भी प्रकार का अतिरिक्त समय या विस्तार नहीं दिया जाएगा। पुलिस कांस्टेबल भर्ती को लेकर प्रदेश के गांव-गांव में तैयारियों का माहौल है। सुबह-शाम मैदानों में युवा दौड़ लगाते, शारीरिक अभ्यास करते और पीएमटी व पीएसटी की तैयारी में जुटे नजर आ रहे है। युवाओं का यह समर्पण और मेहनत आने वाले समय में उनकी सफलता का मजबूत आधार बनेगा।

SADASUKH MEMORIAL SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE NEW DELHI
REQUIREMENT
PGT- Physics, Chemistry, Biology, Maths, Political Science, History, Physical Edu., Hindi, English
TGT- English, Science, Maths, Hindi, Sanskrit, Computer Social Science (Eng. Medium), Art & Craft
PRT- English, EVS, Maths, Mother Teacher, Computer
COACH- Atheletic, Vollyball, Badminton
NON TEACHING STAFF Receptionist, Accountant, Computer Operator Driver, Conductor, Peon, Gardener, Sweeper
Salary No Bar for Deserving Candidates
WALK-IN-INTERVIEW
on Sunday, 01st Feb. 2026 10:00 am to 02:00 pm
VENUE: GAHRA ROAD, KANINA (M/GARH)
Contact for - 9266014001, 9306259822, 9991810146, 9416150682




## 'फौजी' की रिलीज डेट खिसकी आगे

**मुंबई।** प्रभास की फिल्म 'फौजी' को लेकर दर्शकों के लिए एक अहम खबर सामने आई है। लंबे समय से इस फिल्म की रिलीज डेट को लेकर चर्चाएं चल रही थीं। पहले इसे अगस्त 2026 में रिलीज किए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब मेकर्स ने इसकी रिलीज रणनीति में बदलाव करने का मन बना लिया है। इस नए अपडेट ने प्रशंसकों के बीच उत्साह और उम्मीदें दोनों बढ़ा दी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म 'फौजी' को पहले स्वतंत्रता दिवस सप्ताह के आसपास सिनेमाघरों में लाने की योजना थी। हालांकि, अब निर्माताओं का फोकस एक और बड़े त्योहार पर शिफ्ट होता नजर आ रहा है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि मेकर्स अब इसे दशहरा के मौके पर रिलीज करने पर विचार कर रहे हैं, ताकि फिल्म को त्योहार का पूरा फायदा मिल सके। 'फौजी' की रिलीज डेट में बदलाव की जानकारी एक रिपोर्ट से सामने आई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त स्लॉट को छोड़कर अब दशहरा को टारगेट किया जा रहा है।

लाइफ Style

## भूमि शेयर किया भावुक नोट

एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर इन दिनों अपनी वेब सीरीज 'दलदल' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इस सीरीज की स्ट्रीमिंग शुक्रवार से अमेजन प्राइम वीडियो पर शुरू हो चुकी है। इस सीरीज की रिलीज के पहले दिन भूमि ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर के दर्शन किए और साथ ही एक भावुक नोट भी शेयर किया।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

भूमि ने कैप्शन में लिखा, 'पिछले साल सब्र और शुक्र ने मुझे खुद से मिलने को कहा। शक के साथ, खामोशी के साथ और उन सवालों के साथ, जिनके जवाब मेरे पास अभी तक नहीं थे। इसने मुझे डर को भूलने और धीरे-धीरे, नरमी से, खुद से फिर प्यार करना सिखाया।'

भूमि ने आगे लिखा, 'सेट पर लंबे-लंबे दिनों में, सेट के बाहर के नाजुक लम्हों में, ब्रह्मांड से की गई दुआओं में और काम पर अटूट भरोसे के बीच, मैं आगे बढ़ती रही। इसलिए नहीं कि मैं बेखौफ थी, बल्कि इसलिए कि मेरा भरोसा अभी भी बाकी था। 'दलदल' उसी जगह से पैदा हुआ। कमजोरी से। भरोसे से। अनिश्चित रास्ते पर भी आगे बढ़ने का चुनाव करने से। आज, मैं यह रचना आभार, विनम्रता और खुले दिल से आपके सामने पेश कर रही हूं।' सख्त मिजाज और बेखौफ रीटा (भूमि पेडनेकर) को शहर में हो रही सिलसिलेवार हत्याओं के एक खौफनाक केस को सुलझाने की जिम्मेदारी दी जाती है, जिसमें वह खुद भी बुरी तरह उलझती चली जाती है। दरअसल, अपने बचपन के गहरे ट्रॉमा का बोझ उठाए रीटा अंदर से टूटी हुई है और खुद को संभालने के लिए नशे की लत से भी जूझ रही है।



हॉलीवुड मसाला



## मार्गोट ने पहना 'ताजमहल डायमंड' नेकलेस

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के टीसीएल चाइनीज थिएटर में फिल्म 'वुथरिंग हाइट्स' के विश्व प्रीमियर में, मार्गोट ने शियापरेली का खूबसूरत गाउन पहना, जिसने सबका ध्यान खींचा। लेकिन गाउन से ज्यादा चर्चा उनके 'ताज महल डायमंड' नेकलेस की हुई। अभिनेत्री मार्गोट रॉबी ने एलिजाबेथ टेलर का मशहूर दिल के आकार का 'ताज महल डायमंड' नेकलेस पहने नजर आईं। इसकी कीमत लगभग 8 मिलियन डॉलर (करीब 74 करोड़ रुपए) है। यह नेकलेस टेलर को उनके पति रिचर्ड बर्टन ने 50 साल से ज्यादा पहले उनके 40वें जन्मदिन पर गिफ्ट किया था। मार्गोट का इसे पहनना पुराने हॉलीवुड की चमक और मशहूर प्रेम कहानियों को सम्मान देने जैसा लगता है। टेलर और बर्टन की मुलाकात 1962 में 'क्लियोपेट्रा' फिल्म के सेट पर हुई थी।




## अभिनेत्रियों को समझा जाता कठपुतली: क्रिस्टन

**लॉस एंजिल्स।** अभिनेत्री क्रिस्टन स्टीवर्ट ने हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले व्यवहार पर बात की है। साथ ही उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री में अभिनेत्रियों के साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है। हॉलीवुड में अभिनेत्रियों के साथ होने वाले बुरे बर्ताव पर क्रिस्टन स्टीवर्ट ने कहा कि इंडस्ट्री में एक्ट्रेस के साथ बहुत बुरा बर्ताव किया जाता है। मुझे आपको बताना ही होगा। लोग सोचते हैं कि कोई भी अभिनेत्री बन सकती है, लेकिन जब मैं पहली बार निर्देशक के तौर पर अपनी फिल्म के बारे में बात करने बैठी, तो मैंने सोचा वाह यह एक अलग ही अनुभव है। वे मुझसे ऐसे बात कर रहे हैं जैसे मैं कोई बुद्धिमान व्यक्ति हूं। निर्देशक के रूप में अपने हालिया डेब्यू के अनुभव के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि यह धारणा है कि निर्देशकों के पास अलौकिक क्षमताएं होती हैं, जो सच नहीं है। यह धारणा पुरुषों ने फैलाई है। ऐसा नहीं है कि मैं हर समय शिकायत करती रहती हूं, लेकिन महिलाओं के लिए यह स्थिति पुरुषों बदतर है। उनके साथ कठपुतलियों जैसा व्यवहार किया जाता है, जबकि वे कठपुतली नहीं हैं।




## द केरल स्टोरी 2 का टीजर आउट

**मुंबई।** विपुल अमृतलाल शाह की फिल्म 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का दमदार टीजर रिलीज किया गया है। यह 2023 में आई 'द केरल स्टोरी' का सीक्वल है। साथ ही निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट से भी पर्दा उठा दिया है। डर, गुस्सा, साहस और सच्चाई से भरे इस टीजर को देखकर किसी के भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे। 'द केरल स्टोरी 2: गोज बियॉन्ड' का टीजर काफी गंभीर है। यह फिल्म तीन हिंदू लड़कियों की दर्दनाक कहानी सामने लाती है, जिनका किरदार उल्का गुप्ता, ऐश्वर्या ओझा और अदिति भाटिया ने निभाया है। इस फिल्म का निर्देशन नेशनल अवॉर्ड विजेता कमाख्या नारायण सिंह ने किया है। फिल्म में दिखाया गया है कि तीन मुस्लिम लड़कों से प्यार करने के बाद उनकी जिंदगी कैसे एक खौफनाक मोड़ लेती है, जहां धीरे-धीरे एक सोची-समझी साजिश का खुलासा होता है, जो जल्द ही प्यार की जगह फंसाए जाने की डरावनी कहानी बन जाती है।



## ओटीटी पर धुरंधर के 9 मिनट के सींस गायब

**मुंबई।** रणवीर सिंह स्टारर फिल्म धुरंधर सिनेमाघरों में धमाल मचाने के बाद ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दी गई है। हालांकि फैंस इससे खासा नाराज हैं, क्योंकि फिल्म को कुछ कट्स और सेंसर वर्जन के साथ रिलीज किया गया है। धुरंधर 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि फिल्म जैसे ओटीटी पर रिलीज की गई है उसके कुछ सींस में कट्स लगाए गए हैं। धुरंधर में जितने भी गाली गलौज वाले डायलॉग्स थे उन्हें मेकर्स ने म्यूट कर दिया है। फिल्म से 9 मिनट के सींस को गायब कर दिया गया है। इसके अलावा जिन लोगों ने सिनेमाघरों के बाद ओटीटी पर इस फिल्म को देखा है उनका कहना है कि मेकर्स से उन्हें अनसेंसर्ड फिल्म रिलीज करने की उम्मीद थी, लेकिन उन्होंने इसे कट्स के साथ रिलीज किया है।

## 'शतक' का दमदार टीजर रिलीज बताएगी संघ की अनसुनी कहानी

**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) पर आधारित फिल्म 'शतक' का टीजर शुक्रवार को जारी कर दिया गया है। यह फिल्म संघ के सौ साल की यात्रा, उसके विचार और सामाजिक योगदान को केंद्र में रखकर बनाई गई है। यह फिल्म 100 साल के लंबे पड़ाव के पूरे होने की कहानी को प्रस्तुत करती है, जिसने देश के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया है। टीजर देखकर पता चलता है कि संघ से जुड़े कई सालों पुराने भ्रम और गलतफहमियों पर भी फिल्म में प्रकाश डाला गया है। टीजर से स्पष्ट होता है कि यह सिर्फ विवादों या चर्चाओं तक सीमित नहीं है, बल्कि संघ के इतिहास, विचार और विकास को सही संदर्भ में पेश करती है। इसमें स्वतंत्रता संग्राम में आरएसएस का योगदान, विभिन्न




समय पर लगे प्रतिबंध और आपातकाल जैसे महत्वपूर्ण विषयों की झलक भी दिखाई देती है। हाल ही में दिल्ली के केशव कुंज स्थित आरएसएस कार्यालय में फिल्म का गीत 'भगवा है अपनी पहचान' लॉन्च किया गया। इस गीत को आरएसएस के सरसंघचालक मोहन भागवत ने किया। इस गीत को प्रसिद्ध गायक सुखविंदर सिंह ने अपनी मधुर आवाज में गाया है। देशभक्ति से भरा यह गीत फिल्म की भावना और मूल विचार को प्रस्तुत करता है। फिल्म के निर्देशक आशीष मॉल ने कहा, यह फिल्म मेरे लिए एक व्यक्तिगत यात्रा जैसी है। फिल्म की रिसर्च के दौरान मुझे संघ से जुड़े कई ऐसे पहलू समझने को मिले, जिन पर सामान्यतः चर्चा तक नहीं होती है। इस फिल्म के जरिए समाज में फैली गलतफहमियों को ईमानदारी से सामने लाना हमारी प्राथमिकता थी।

## रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रहीं आलिया



**मुंबई।** आलिया भट्ट और शाहीन एक रोमांटिक कॉमेडी फिल्म लेकर आ रही हैं, जिसका नाम है-'डोंट बी शाय' है। इस फिल्म को इटर्नल सनशाइन प्रोडक्शंसन के तले बनाया गया है। आलिया ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें आलिया कहती हैं- 'क्या कहानी में सब कुछ है। रोमांस है, दिल टूटता है, गाना है, लड़कियां, लड़के, और एक कछुआ भी...।' दरअसल, 'यह एक ऐसी कहानी, जिसके साथ आप बड़े होते हैं।' आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट में लिखा, 'वाह, शानदार, बहुत बढ़िया किया आपने', फिल्म निर्माता अशर आस्कन ने लिखा, 'अब तक की सबसे प्यारी घोषणा', एक फैन ने लिखा, 'आपकी एक्टिंग मुझे बहुत पसंद है', दूसरे फैन ने लिखा, 'यह तो बेहद रोमांचक लग रहा है, इतने लंबे समय बाद ऐसी कोई फिल्म आई है, यह कमाल की होने वाली है।' बता दें कि आलिया भट्ट 'लव एंड वॉर' में नजर आएंगी। इस फिल्म का निर्देशन संजय लीला भंसाली ने किया है। यह एक रोमांटिक पीरियड ड्रामा फिल्म है। इसमें रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है।

## मेरा दिल साउथ इंडियन : श्रिया



**मुंबई।** अभिनेत्री श्रिया सरन अपकमिंग फिल्म 'दृश्यम 3' को लेकर सुर्खियों में हैं। उत्तराखंड में जन्मी और हिंदी बोलने वाले परिवार में पली-बढ़ी अभिनेत्री ने साउथ इंडियन सिनेमा में काम किया। उन्होंने साउथ की फिल्मों में तब काम किया जब उन्हें तमिल और तेलुगु बोलना नहीं आता था। उन्होंने कहा कि साउथ में जाना और काम करना मेरे लिए हैरान करने वाला था। वहां से जब मैं सेट पर गई, नई भाषाएं सीखी, यह सब, मुझे लगता है कि इसने मुझे जिंदगी के लिए सच में तैयार किया। साउथ ने मुझे जिस तरह का प्यार दिया है, उससे मैं सच में खुद को खुशनसीब मानती हूं। मेरा दिल साउथ इंडियन है।'

श्रिया ने कहा 'मैंने जो चीजें सीखीं, उनमें से एक यह है कि आप वही हैं जो आप खुद को मानते हैं। अगर आप बढ़ते रहते हैं और सीखते रहते हैं और जिंदगी को आपको चीजें सिखाने देते हैं, तो आप उसे बेहतर तरीके से जीना शुरू कर देते हैं।' बता दें कि श्रिया सरन ने 2001 में तेलुगु फिल्म 'इष्टम' से डेब्यू किया। वह 'छत्रपति', 'शिवाजी', 'पोक्किरी राजा' और 'मनम' जैसी कई तमिल और तेलुगु फिल्मों में नजर आईं। इसके साथ ही, उन्होंने हिंदी सिनेमा में भी अपनी लगातार मौजूदगी बनाए रखी है, खासकर 'दृश्यम' फ्रेंचाइजी में। श्रिया सरन 23 जनवरी 2026 को रिलीज हुई सीरीज 'स्पेस जेनः चंद्रयान' में नजर आ रही हैं। वह इस साल के आखिर में 'दृश्यम 3' में बड़े पर्दे पर भी वापसी करेंगी।

टीवी मसाला

## जेनिफर और करण कर रहे हैं शादी?

**मुंबई।** जेनिफर विंगेट और करण वाही टीवी के मोस्ट पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। दोनों ही टीवी शो दिल मिल गए और रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में नजर आ चुके हैं। टीवी शो रायसिंघानी वर्सेस रायसिंघानी में दोनों की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। हालांकि इन दिनों दोनों को लेकर खबरें आ रही हैं कि वे शादी करने जा रहे हैं।



जेनिफर संग अपनी शादी की खबरों को लेकर अब खुद करण वाही ने रिएक्ट किया है और इन खबरों में कितनी सच्चाई है ये भी बताया है। दरअसल, सोशल मीडिया पर एक पोस्ट वायरल हो रहा था, जिसमें कहा गया कि जेनिफर विंगेट करण वाही के साथ शादी करने वाली हैं। हालांकि इन खबरों को लेकर करण वाही ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट किया है और रिएक्ट करते हुए लिखा, "फ्री की पीआर के लिए बहुत बहुत शुक्रिया। करण के इस पोस्ट से ये साफ जाहिर हो गया है कि जेनिफर और उनकी शादी को लेकर चल रही खबरें महज अफवाह हैं और इसमें किसी भी तरह की सच्चाई नहीं है। बता दें कि सोशल मीडिया पर जैसे ही ये खबर वायरल हुई थी कि जेनिफर और करण शादी करने वाले है उससे उनके फैंस काफी खुश हो गए थे।

## खौफ, क्राइम और घिनौनी सच्चाई का कॉम्बो 'मर्दानी 3'

## रानी की दमदार वापसी, शिवानी के किरदार में दिखा धाकड़ अंदाज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अगर आपको थ्रिलर और एक्शन फिल्में पसंद हैं, तो रानी मुखर्जी की 'मर्दानी 3' आपके लिए एक बेहतरीन तोहफा है। 30 जनवरी को यह फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। इस फ्रेंचाइजी की पहली दो फिल्मों की सफलता के बाद, इस बार रानी मुखर्जी का सामना रिंग अम्मा से है। फिल्म में रानी ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि जब बात पुलिस ऑफिसर के किरदार की आती है, तो उनका कोई मुकाबला नहीं है। गोपी पुथरन के निर्देशन में बनी यह फिल्म न केवल रोंगटे खड़े करती है, बल्कि आज के डिजिटल दौर के खतरों को लेकर हमें आगाह भी करती है।

इस बार शिवानी शिवाजी रॉय के सामने एक पेचीदा मामला है। एक एम्बेसेडर की बेटी का अपहरण, लेकिन कहानी में मोड़ तब आता है जब पता चलता है कि एम्बेसेडर की बेटी के साथ उसके केयरटेकर की मासूम बच्ची को भी उठा लिया गया है। जांच की कड़ियां जुड़ती हैं और तार जाकर मिलते हैं एक खौफनाक ट्रैफिकिंग रिंग से।




### पर्दे पर अब तक की सबसे घिनौनी विलेन

*'मर्दानी' की परंपरा रही है एक दमदार विलेन पेश करने की और इस बार मल्लिका प्रसाद 'अम्मा' के रोल में रोंगटे खड़े कर देने वाली हैं। फिल्म में अम्मा एक निर्मम, सनकी और बेहद खतरनाक महिला है, जो भिखारी-माफिया और ट्रैफिकिंग का काला साम्राज्य चलाती है। उसकी दहशत का आलम यह है कि वह सीधे शिवानी के घर तक पहुंचने का साहस रखती है। उसे हाल के वर्षों के सबसे डरावने विलेन्स में गिना जा सकता है।*

### सिस्टम और संवेदनशीलता पर सवाल

फिल्म यहां एक बड़ा सामाजिक सवाल भी उठाती है। एम्बेसेडर की बेटी को बचाने के लिए पूरी सरकारी मशीनरी और संसाधन झोंक दिए जाते हैं, लेकिन क्या वही तत्परता उस गरीब केयरटेकर की बेटी के लिए भी दिखाई जाएगी? क्या सिस्टम केवल रसूखदारों के लिए काम करता है या फिर इंसाफ सबके लिए बराबर है?

### फर्स्ट हाफ बेहद दमदार

फिल्म का पहला हिस्सा बेहद दमदार है और ऑडियंस को बांधे रखने में सफल रहता है। रानी मुखर्जी अपने फुल फॉर्म में हैं और स्क्रीन पर उनकी मौजूदगी कमाल की है। फिल्म के पहले हिस्से में दिखता है कि कहानी गंभीर है और इसकी बुनावट ऐसी है कि आप तुरंत ही इन्वेस्टिगेशन का हिस्सा बन जाते हैं। ट्रेलर और शुरुआती हिस्से ने एक मजबूत नींव रख दी है। अब देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म का सेकंड हाफ इस लड़ाई को किस अंजाम तक ले जाता है और क्या अम्मा के साम्राज्य का अंत शिवानी कर पाएगी।

## खबर संक्षेप



### मायाराम के निधन पर जताया शोक

**कनीना।** उत्तर प्रदेश के पीलीभीत लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद वरुण गांधी ने शुक्रवार को बाघोत पहुंचकर पूर्व पीटीआई मायाराम के निधन पर शोक संवेदना जताई। वरुण गांधी ने कहा कि जन्म-मृत्यु, यस-अपयश, लाभ-हानि सब ईश्वर की अधीन है। उन्होंने मायाराम के परिजनों के प्रति सहानुभूति जताई। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद मुकेश शर्मा, सतवीर ठेकेदार, तिलक राज उपस्थित थे।

### एनएसएस शिविर के दूसरे दिन खेल आयोजित

**महेंद्रगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन महाविद्यालय के खेल मैदान में विभिन्न खेल गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए कबड्डी, खो-खो जैसे हरियाणा के पारंपरिक खेलों में सहभागिता की। इन खेल गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने यह संदेश दिया कि खेलों से मानव शरीर स्वस्थ रहता है तथा उत्तम स्वास्थ्य एक सशक्त भारत के निर्माण की आधारशिला है। एनएसएस स्वयंसेवकों द्वारा दौड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

### जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण शिविर चलाया

**नारनौल।** जिला रेडक्रॉस समिति की ओर से 27 से 31 जनवरी तक यदुवंशी शिक्षा निकेतन पटीकरा में चल रहे पांच दिवसीय जूनियर रेड क्रॉस प्रशिक्षण की कड़ी में शुक्रवार चौथे दिन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया। यदुवंशी शिक्षा निकेतन पटीकरा चेयरपर्सन सुरेश यादव ने प्रातः कालीन सत्र में रेडक्रॉस के संस्थापक सर ज़ीन हैनरी ड्यूनेन्ट के चित्र पर पुष्प अर्पित करके की। प्राथमिक सहायता प्रवक्ता पवित्रा यादव ने चेयरपर्सन सुरेश यादव को संस्था का स्कार्फ और बैज लगा कर सम्मान किया। चेयरपर्सन ने जिला रेडक्रॉस समिति की ओर से समाज में चलाए जा रहे विभिन्न कार्यों की सराहना की।

### गुढ़ा में संगीतमय श्रीराम कथा का समापन आज

**कनीना।** खंड के गांव गुढ़ा में बसंत पंचमी तिथि पर 23 जनवरी से प्रारंभ हुई संगीतमय श्रीराम कथा का 31 जनवरी शनिवार को विधिवत समापन होगा। खारी टंकी शिवालय के सामने विद्यालय प्रांगण में आयोजित इस कथा का वाचन छबीले छैल बिहारी महाराज वृंदावन की ओर से किया जा रहा है। जिसकी ओर से पिछले आठ दिनों से श्रीराम की विभिन्न लीलाओं का सुंदर ढंग से वर्णन किया गया है। इस कथा का श्रवण करने के लिए दूर-दराज से ग्रामीण पहुंच रहे हैं।

## महेंद्रगढ़ जिले में मिशन बुनियाद बैच 2026-28 लेवल 2 की परीक्षा संपन्न

# 709 ने दी परीक्षा, सफल विद्यार्थी देंगे लेवल 3 परीक्षा

**केन्द्रों के सभी प्राचार्यों ने बहुत अच्छे से सहयोग किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

बुनियाद लेवल–दो की परीक्षा के लिए जिले में दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिले में कुल 777 विद्यार्थियों ने बुनियाद लेवल–एक परीक्षा उत्तीर्ण की थी और ये सभी विद्यार्थी बुनियाद लेवल–दो परीक्षा देने के लिए योग्य थे। इनमे से 709 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी जबकि 68 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 415 विद्यार्थियों में से 387 ने एवं राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महेंद्रगढ़ में 362 विद्यार्थियों में से 322 विद्यार्थियों ने यह परीक्षा दी।

परीक्षा में कुल 10 प्रश्न पूछे गए थे तथा प्रत्येक प्रश्न पांच अंक का था। दोपहर 1:30 बजे से 2:45 बजे तक जिले के दो केन्द्रों में मिशन बुनियाद के लेवल–दो की प्रवेश परीक्षा हुई। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी डॉ विश्वेश्वर कौशिक, खंड शिक्षा अधिकारी, जिला विज्ञान विशेषज्ञ रविंद्र कुमार ने परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया। सभी केन्द्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई एवं सभी परीक्षार्थी परीक्षा शुरू होने से पहले ही सम्बंधित केन्द्रों पर उपस्थित हुए थे। केन्द्रों के सभी प्राचार्यों ने बहुत अच्छे से सहयोग किया और बड़े उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई।



नारनौल। परीक्षा में हिस्सा लेते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**8000 विद्यार्थियों का होगा चयन**

शुक्रवार की परीक्षा में चयनित विद्यार्थी आगे मिशन बुनियाद की लेवल–तीन परीक्षा में भाग लेंगे, जिसमें पूरे प्रदेश से लगभग आठ हजार विद्यार्थियों का चयन किया जाएगा। तत्पश्चात सभी चरणों की परीक्षाएं सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने के उपरांत, कक्षा नौवीं में प्रदेश भर से लगभग चार हमार विद्यार्थियों को मिशन बुनियाद कार्यक्रम के अंतर्गत अंतिम रूप से चयनित किया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश में मिशन बुनियाद के कुल 103 केंद्र संचालित हैं, जहां कक्षा नौवीं एवं दसवीं के विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। यह कार्यक्रम वर्ष 2022 से संचालित किया जा रहा है तथा सहभागिता की दृष्टि से यह वर्ष अब तक का सबसे महत्वपूर्ण वर्ष रहा है।



महेंद्रगढ़। सहायक प्रोफेसर अलका का स्वागत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## महाविद्यालय में नवनियुक्त सहायक प्रोफेसर अलका का किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

हाल ही में हरियाणा सरकार द्वारा नियुक्त सहायक प्रोफेसरों को कार्यस्थल आवंटित किए गए। इसी क्रम में महेंद्रगढ़ जिले के रिवासा गांव निवासी अलका का चयन सहायक प्रोफेसर वनस्पति विज्ञान के पद पर हुआ है। उन्होंने राजकीय महाविद्यालय में अपना कार्यभार ग्रहण किया। उनकी जॉइनिंग के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर विजय यादव, पूर्व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी प्रोफेसर डॉ. पूर्ण प्रभा, पूर्व प्राचार्य मेजर एमआर लाम्बा, राजकीय महिला महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर महेंद्र सिंह, महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर जितेंद्र कुमार वशिष्ठ, डॉ. संदीप कुमारी, शंकर सहित अन्य स्टाफ सदस्यों ने नवनियुक्त सहायक प्रोफेसर अलका को पुष्पगुच्छ भेंटकर उनका स्वागत किया और उन्हें बधाई दी।

उल्लेखनीय है कि अलका ने अपनी स्नातक शिक्षा हंसराज कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय से तथा स्नातकोत्तर शिक्षा हिंदू कॉलेज दिल्ली विश्वविद्यालय से प्राप्त की है। उन्होंने नेट-जेआरएफ परीक्षा में एआईआर 177 रैंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया है। अपने वक्तव्य में सहायक प्रोफेसर अलका ने कहा कि राजकीय महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के रूप में कार्यभार ग्रहण करना उनके लिए गर्व और सम्मान की बात है।

## अनाथ व उपचार गोशाला में दिया ट्रैक्टर दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

रोटरी क्लब नारनौल सिटी के तत्वावधान में रोटेरियन प्रवीण संघी के सहयोग से श्रीबालाजी फाउंडेशन सिरसा की ओर से वीरवार को शहर में निजामपुर रोड स्थित श्रीअनाथ गोशाला को एक ट्रैक्टर तथा सुभाष स्टेडियम के पास स्थित उपचार गोशाला में ट्रैक्टर की ट्रॉली दान स्वरूप भेंट की गई।

गोशाला प्रबंधन ने रोटरी क्लब एवं श्रीबालाजी फाउंडेशन सिरसा का आभार व्यक्त किया। साथ ही क्लब की ओर से गौमाता के लिए दसवीं सवामणी की सेवा पूर्व प्रधान नरेश गोगिया ने की। क्लब के सभी सदस्यों ने अपने हाथों से गायों को हरी सब्जियां खिलाकर पुण्य लाभ कमाया। प्रधान राजकुमार चौधरी ने कहा कि इस सेवा के सहयोगी श्रीबालाजी फाउंडेशन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गोमाता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। अपनी नेक कमाई से इतना बड़ा सहयोग गोमाता की सेवा हेतु गोशाला को सहयोगी रहेगा।

इस मौके पर राजकुमार चौधरी, प्रवीण संघी, एडवोकेट राजकुमार यादव, संजय गर्ग, नरेश गोगिया, हितेंद्र शर्मा, विजय जिंदल, रवि चौधरी, पवन गुप्ता, नवीन गुप्ता, पवन यादव, विनय मित्तल, प्रवीण छाबड़ा, हिमांशु अग्रवाल, लक्ष्य गोगिया, कमला संघी, निर्मल जिंदल, डॉ ऊषा यादव, संगीता शर्मा, प्रियंका संघी, सारिका गर्ग, सुचेता आदि उपस्थित रहे।



नारनौल। गोशाला को ट्रैक्टर दान करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### यदुवंशी डिग्री कॉलेज में गांधी की पुण्यतिथि मनाई

**महेंद्रगढ़।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज में शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 78वीं पुण्यतिथि (शहीद दिवस) श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में कॉलेज के चेयरमैन राव बहादुर सिंह, वाइस चेयरमैन एडवोकेट करण सिंह, चेयरपर्सन संगीता यादव, फाउंडर डायरेक्टर राजेंद्र यादव, ग्रुप डायरेक्टर विजय सिंह यादव, डॉ. प्रदीप यादव तथा कॉलेज के प्राचार्य बबरूभान विशेष रूप से उपस्थित रहे। वक्ताओं ने महात्मा महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, सादगी और राष्ट्रसेवा के आदर्शों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गांधी का जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## राव सुल्तान सिंह स्कूल में गांधी को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

राव सुल्तान सिंह मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल निम्बेहड़ा में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर संस्था निदेशक एडवोकेट सतपाल यादव, प्राचार्य राजकुमार शर्मा, उप प्राचार्य रामकुमार ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए। एडवोकेट सतपाल यादव ने बताया कि गांधी अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने देश को आजाद करवाने के लिए अपने विभिन्न आंदोलनों के माध्यम से देशवासियों को प्रेरित किया और उनके एक नई ऊर्जा का संचार किया।

वे भारत और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के एक प्रमुख राजनीतिक एवं आध्यात्मिक नेता थे। वे सत्याग्रह के माध्यम से अत्याचार के प्रतिकार करने के समर्थक, अग्रिणी नेता थे। गांधी को महात्मा के नाम से सर्वप्रथम 1915 में रविंद्रनाथ ने संबोधित किया। सबसे पहले गांधी ने प्रवासी वकील के रूप में दक्षिण अफ्रीका में भारतीय समुदाय के लोगों के नागरिक अधिकारों के लिए संघर्ष के लिए सत्याग्रह करना आरंभ किया। 1915 में उनकी भारत में वापसी हुई। 1921 के भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की बागडोर संभालने के बाद उन्होंने देशभर में दरिद्रता से मुक्ति दिलाने, महिलाओं के अधिकारों का विस्तार, धार्मिक एवं जाति एकता का निर्माण व आत्मनिर्भरता के लिए अस्पृश्यता के विरोध में सफलता के विरोध में अनेकों कार्यक्रम चलाए। 30 जनवरी 1947 को गांधी उस समय नाथूराम गोडसे द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई। हम सभी उनको कोटि-कोटि नमन करते हैं।



महेंद्रगढ़। महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्पार्पित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## जैलाफ-चिंडालिया रास्ते को पक्का कराने के लिए दर-दर भटक रहे ग्रामीण



**नारनौल।** चिंडालिया का रास्ता पक्का बनवाने हेतु सैकड़ों ग्रामीणों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन को शुक्रवार को ग्रामीण सामाजिक कार्यकर्ता छाजूराम रावत ने सभागार में आयोजित ग्रीवेंस की मीटिंग में प्रस्तुत किया और समाधान बाबत विधायक ओमप्रकाश यादव तथा उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार से गुहार लगाई। ज्ञापन पर रावत के अलावा त्रिलोक चन्द पंच, मुकेश कुमार पंच, राजबाला पंच, बनीता कुमारी पंच, सुमित्रा पंच, छितरमल नम्बरदार, हनुमान इन्स्पेक्टर, श्रीचंद महाशय, महीपाल, रामकृपाल, रोहतास, बंशीलाल, बाबूलाल व सुमेर सिंह सहित अनेक ग्रामीणों ने हस्ताक्षर किए ए हैं। ग्रामीणों की ओर छाजूराम रावत ने बताया कि गांव जैलाफ-चिंडालिया का रास्ता दो गांवों के साथ–साथ राजस्थान के गांवों को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण रास्ता है, लेकिन यह रास्ता अभी कच्चा व बेहद उबड़-खाबड़ है। इसी रास्ते से गांव चिंडालिया से स्कूली बच्चे जैलाफ गांव की सीनियर सेकेंडरी स्कूल जैलाफ में आते हैं, जिनमें बालिकाओं की संख्या अधिक है। यदि यह रास्ता पक्का बन जाता है तो हरियाणा सरकार के बालिका शिक्षा अभियान को बढ़ावा मिलेगा। इसी रास्ते पर गांव जैलाफ की सीम/खेत लगते हैं। खेतों में काम करने के लिए किसान व ग्रामीण महिलाएं पशुओं के लिए चारा/घास लेने जाते हैं।

## कलवाड़ी के बाबा समस्का मंदिर में खेलकूद और भंडारा लगाया

**मंडी अटेली।** गांव कलवाड़ी में बाबा समस्का देव मंदिर में भंडारे के साथ खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बाबा के स्थान पर भक्तजनों ने पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अटेली मार्केटिंग समिति के चेयरमैन दिनेश जेलदार ने शिरकत की और खिलाड़ियों के लिए 21 हजार रुपये देने की घोषणा की। चेयरमैन दिनेश जेलदार ने कहा कि खेलों से व्यक्ति का शारीरिक विकास होता है। नवयुवकों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों में भी रूचि रखनी चाहिए। 100 मीटर दौड़ में दीपांशु प्रथम व रक्षित द्वितीय रहा। 200 मीटर दौड़ में साहिल प्रथम, भविष्य द्वितीय तथा 300 मीटर दौड़ में निखिल प्रथम, शुभम द्वितीय रहा। मंदिर समिति ने बताया कि यह भंडारे और खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हर साल मंदिर समिति और बस्तीराम कोच के माध्यम से करवाया जाता है। खेलकूद प्रतियोगिताओं में छह साल से लेकर 15 साल के बच्चे भाग लेते हैं, जिसमें दौड़ लगाना, कुश्ती आदि खेल शामिल हैं। बाबा मंदिर परिसर में आसपास के श्रद्धालु भोजन के साथ-साथ इस दिन खेलकूद प्रतियोगिता का आनंद लेते है। डा. पुखराज यादव द्वारा आज मुख्य अतिथि के पहुंचने पर समस्त ग्रामवासियों की तरह से स्वागत और अभिनन्दन किया गया और बच्चों को प्रोत्साहित करने के लिए 11 हजार रुपये की राशि देने की घोषणा की। गांव के सरपंच के साथ-साथ समिति सदस्यों, ग्राम के मौजिजान लोगों और आसपास से आए लोगों द्वारा भी बच्चों को प्रोत्साहन राशि दी गई।



**ये रहे मौजूद**

समारोह में मुख्य रूप से सरपंच बाबूलाल, पूर्व सरपंच अजित सिंह, पूर्व सरंपच कंवर सिंह, पंकज कुंजपुरा, विजय नूनीवाल, कंवर सिंह, बलवंत पंच, अजित सिंह, समिति सदस्य नन्दराम, राजाराम, अरविन्द, अनिल, मोनू कलवाड़ी, बस्तीराम कोच, हनुमान मास्टर, सचिन कलवाड़ी, दीपक शर्मा आदि गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



### हिंदू विद्यालय में किया सूर्य नमस्कार

**महेंद्रगढ़।** हिंदू विद्यालय प्रांगण में आयुष विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में हर घर योग सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के तहत बच्चों ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। आयुष विभाग से सुनील देवी ने कहा कि योग करने से मानसिक विकास और शारीरिक विकास होता है। विद्यालय के समस्त विद्यार्थियों एवं स्टाफ सदस्यों ने योगाभ्यास किया। विद्यालय निर्देशक गजेन्द्र यादव ने योग के महत्व के बारे में विस्तार से बताया और इसे दैनिक जीवन में लागू करने के लिए प्रोत्साहित किया।

## टेक्निकल असिस्टेंट ओम प्रकाश लगभग 30 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त



**नारनौल।** सूचना, लोक संपर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग में टेक्निकल असिस्टेंट पद पर कार्यरत ओम प्रकाश शुक्रवार अपनी लगभग 30 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए। जिला सूचना एवं जनसंपर्क कार्यालय नारनौल में उनके सम्मान में गरिमापूर्ण विदाई समारोह आयोजित किया। जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय बिढलान ने उनका पगड़ी पहनाकर सम्मान किया। भिवानी जिले के गांव बुढेड़ी के ओम प्रकाश ने वर्ष 1995 में भिवानी से अपनी सेवाएं शुरू की थी। इसके बाद उन्होंने विभिन्न जिलों में विभिन्न पदों पर अपनी सेवाएं दी। इस दौरान जिला सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी संजय बिढलान ने कहा कि टेक्निकल असिस्टेंट ओमप्रकाश का कार्य काफी सराहनीय रहा है। इन्होंने अपने कार्य को हमेशा वफादारी के साथ किया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति आपके लिए सुकून और खुशियों भरा समय लेकर आए। सर्विस के बाद उसकी यादें ही रह जाती हैं। हम आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस मौके पर एआईपीआरओ अक्षय कुमार के अलावा कार्यालय का समस्त स्टाफ व टेक्निकल असिस्टेंट ओम प्रकाश के परिवार के सदस्य मौजूद थे।

## सिहमा कॉलेज में एनएसएस शिविर के चौथे दिन व्यक्तित्व विकास पर दिया जोर

**स्वयंसेवकों से उनके ज्ञान का लाभ उठाने का आग्रह किया**

# युवाओं के चरित्र एवं व्यक्तित्व को गढ़ने का सशक्त माध्यम है एनएसएसः डॉ. सुमेर सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली

महंत खेतनाथ राजकीय महाविद्यालय सिहमा की ओर से गांव अटाली में आयोजित सात दिवसीय आवासीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को 'एनएसएस के माध्यम से व्यक्तित्व विकास' विषय पर एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) सुनील कुमार ने मुख्य वक्ता राजकीय महाविद्यालय नारनौल के सेवानिवृति हिंदी विषय के प्रोफेसर एवं प्रख्यात शिक्षाविद् डॉ. सुमेर सिंह यादव का परिचय कराया। प्राचार्य ने डॉ. सुमेर सिंह यादव के शैक्षणिक अनुभव एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में योगदान पर प्रकाश डालते हुए स्वयंसेवकों से उनके ज्ञान का लाभ उठाने का आग्रह किया।

डॉ. सुमेर सिंह ने अपने व्याख्यान में राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व के निर्माण पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एनएसएस सामुदायिक सेवा के साथ-साथ युवाओं के चरित्र एवं व्यक्तित्व को गढ़ने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के साथ सीधा संपर्क, टीम में कार्य, समस्याओं का व्यावहारिक समाधान ढूंढना और नेतृत्व के गुणों का विकास, ये सभी एनएसएस के अनुभव युवा स्वयंसेवकों को एक प्रभावशाली, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनने में सहायक होते हैं। उन्होंने आगे बताया कि निःस्वार्थ सेवा का भाव व्यक्ति में धैर्य, सहनशीलता और सामूहिक सोच विकसित करता है, जो आज के प्रतिस्पर्धी युग में एक सफल व्यक्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक गुण हैं। इस कार्यक्रम का मंच संचालन सुनीता कुमारी ने किया। शिविर के सफल आयोजन के लिए एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंकित कुमार को भी मुख्य वक्ता ने सराहा।




मंडी अटेली। एनएसएस शिविर को संबोधित करते मुख्यातिथि पूर्व प्राचार्य डा. सुमेरसिंह यादव। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस कार्यक्रम में सुनीता कुमारी, डॉ अरुण कुमार यादव, डॉ गजराज सिंह, सुश्री ममता एवं सुश्री मनीषा भी उपस्थित रहे।

### बीआर ज्ञानदीप में कल होगा स्कॉलरशिप टेस्ट

**महेंद्रगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्ता, अवसर और समानता को बढ़ावा देने की दिशा में बीआर ज्ञानदीप स्कूल सुरजनवास द्वारा रविवार को स्कॉलरशिप टेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा उन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए सुनहरा मंच है, जो अपने ज्ञान, परिश्रम और आत्मविश्वास के बल पर आगे बढ़ना चाहते हैं। यह स्कॉलरशिप टेस्ट केवल एक परीक्षा नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ाया गया सशक्त कदम है। इस परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को शिक्षा शुल्क में विशेष छूट, प्रोत्साहन एवं सम्मान प्रदान कर उनकी प्रतिभा को नया आयाम दिया जाएगा। प्राचार्य रामवीर यादव ने कहा कि हर बच्चे में कुछ खास होता है। यह स्कॉलरशिप टेस्ट उसी खास प्रतिभा को पहचानने और उसे आगे बढ़ाने का माध्यम है।

- **चयनित विद्यार्थियों को शिक्षा शुल्क में होगी विशेष छूट**

# 8 करोड़ से सुधरेगा आधा दर्जन गांवों का गिरता भूजल स्तर

## गांव ऊष्मापुर, जेरपुर, राजावास, पालड़ी, मांडोला, डिगरोता, बारड़ा आदि में भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है

हरिभूमि न्यूज ⏭ महेंद्रगढ़

ब्लॉक महेंद्रगढ़ एवं सतनाली के आधा दर्जन से भी अधिक गांवों के गिरते भूजल स्तर को सुधारने के लिए 18 करोड़ रुपये की दो महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट्स मंजूरी के लिए मुख्यालय भेजे गए हैं। गांव ऊष्मापुर, जेरपुर, राजावास, पालड़ी, मांडोला, डिगरोता, बारड़ा आदि में भूजल स्तर लगातार गिरता जा रहा है। बहुत से ट्यूबवेलों पानी या तो समाप्त हो गया है या फिर लगातार गिरता जा रहा है। इससे इन गांवों में ना सिर्फ खेती पर संकट खड़ा हो गया है, बल्कि पीने के पानी की समस्या होने लगी है। इन गांवों में गिरते भूजल स्तर की समस्या के समाधान के लिए यहां कि पंचायतों ने सांसद धर्मबीर सिंह से हस्तक्षेप करने की मांग की थी। पिछले वर्ष हुई फ्लड कंट्रोल बोर्ड की बैठक में ये दोनों ही प्रोजेक्ट्स मंजूर तो हो गए थे, परंतु किन्हीं कारणों इनके बजट को मंजूरी नहीं मिली। इसके बाद पंचायतों ने सांसद धर्मबीर सिंह से इस मामले में हस्तक्षेप कर इनके लिए बजट जारी करवाने की मांग थी।

### सांसद ने उपायुक्त को लिखा था पत्र

सांसद धर्मबीर सिंह ने उच्चाधिकारियों से बात कर इन दोनों ही महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट्स के लिए फंड जारी करने बारे निर्देश दिए थे। सांसद धर्मबीर सिंह ने जिला उपायुक्त को भी पत्र लिखकर इन दोनों ही प्रोजेक्ट्स को इस बार दोबारा फ्लड कंट्रोल बोर्ड की बैठक में ऐजेंडे के रूप में शामिल करने बारे कहा था। अब विभाग ने इन दोनों प्रोजेक्ट्स के लिए लगभग 18 करोड़ रुपये की दो परियोजनाओं को मंजूरी के लिए मुख्यालय भेज दिया है। विकास एवं निगरानी समिति सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि सांसद धर्मबीर सिंह की पैरवी से इन दोनों ही परियोजनाओं के लिए जल्द ही फंड जारी कर दिया जाएगा। इसके बाद टेंडर लगाकर इन पर कार्य शुरू हो जाएगा।

### गांव ऊष्मापुर, जेरपुर व राजावास प्रोजेक्ट

- चार से पांच जोहड़ खोदे जाएंगे।
- प्रेशराइजड पाइप लाइन के माध्यम से कुरहावटा स्थित एमडी एक पंप से जोड़े जाएंगे
- लागत लगभग 10 करोड़ रुपये रहेगी।
- गांव ऊष्मापुर, मांडोला, जेरपुर, राजावास, पालड़ी सहित आधा दर्जन गांवों को सीधा होगा लाभ।

### डिगरोता प्रोजेक्ट

- गांव डिगरोता में भैंरू मंदिर वाले पहाड़ के साथ पहले से खुदे लगभग आधा दर्जन जोहड़ों का विस्तार किया जाएगा।
- प्रेशराइजड पाइप लाइन के माध्यम से माधोगढ़ नहर से जोड़ा जाएगा।
- गांव डिगरोता, बारड़ा, नावां आदि के किसानों को सीधा लाभ पहुंचेगा।
- पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

# अज्ञात युवक गल्ले से ले उड़ा सात हजार रुपये, पुलिस को दी सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल



नारनौल। वह दुकान, जहां रुपये चोरी की वारदात हुई। फोटो : हरिभूमि

राजकीय बाबा खेतानाथ बहुतकनीकी संस्थान के मुख्य द्वार के सामने स्थित एक जनरल स्टोर एवं मनी ट्रांसफर की दुकान से अज्ञात युवक गल्ले में रखे करीब सात हजार रुपये ले उड़ा। चोरी पता लगने पर दुकानदार ने पुलिस को सूचित किया।

जानकारी के अनुसार मोहल्ला पुरानी मंडी निवासी सुखबीर सिंह ने बताया कि वह पॉलिटेक्निक के सामने रहता है तथा वहीं संस्थान के गेट के सामने फोटो स्टेट, मनी ट्रांसफर्र तथा जनरल स्टोर की एक दुकान की हुई है। उन्होंने बताया कि बीती शाम करीब साढ़े पांच बजे एक अज्ञात युवक ग्राहक बनकर दुकान में आया और दुकानदार की नजरें औझल्ल होने पर वहां गल्ले में रखे रुपये लेकर फरार हो गया। दुकानदार मुताबिक गल्ले में उस समय करीब सात हजार रुपये रखे हुए थे। पीड़ित ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती शाम करीब 5:40 बजे एक युवक उसकी दुकान पर आया। युवक ने सफेद रंग की जैकेट पहन रखी थी और कुछ देर दुकान पर इधर-उधर देखने के बाद मौका पाकर गल्ले में रखी नकदी चोरी कर फरार हो गया।

## खबर संक्षेप

### कथा में हुआ श्री कृष्ण के बाल रूप का वर्णन

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव नावदी में चल रहे सात दिवसीय भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक ने भगवान कृष्ण के बाल रूप में उनकी नटखट और चंचल प्रकृति का मनोहारी वर्णन किया। भगवान कृष्ण के माखन चुराने की कथा सुनकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। कथा वाचक ने बताया कि भगवान कृष्ण के बाल रूप में उनकी माता यशोदा के साथ वत्सल भावों का वर्णन है जो उनकी माता के प्रति उनके प्रेम और भक्ति को दर्शाता है।

### राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**नारनौल।** यदुवंशी डिग्री कॉलेज पटीकरा में महात्मा गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। कॉलेज में प्रातः कालीन सभा में दौरान राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी गई। प्राचार्य बजरंग लाल ने कहा कि हम सभी महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद करने के लिए एकत्रित हुए हैं। पूर्व विधायक राव बहादुर ने कहा कि गांधी सत्य एवं अहिंसा के पुजारी थे। उन्होंने सत्याग्रह के रूप में एक ऐसा हथियार दिया, जो किसी भी अत्याचारी शासन को उखाड़ फेंकने में सक्षम है।

### ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए आय सीमा बढ़ी, राहत

**नारनौल।** हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के उम्मीदवारों को बड़ी राहत देते हुए आय सीमा बढ़ाने का निर्णय लिया है। सरकार के निर्देशानुसार अब ईडब्ल्यूएस श्रेणी के लिए पारिवारिक आय सीमा छह लाख रुपये प्रतिवर्ष से बढ़ाकर आठ लाख रुपये प्रतिवर्ष कर दी गई है। यह निर्णय प्रदेश के हजारों अभ्यर्थियों के लिए लाभकारी साबित होगा जो अब तक आय सीमा के कारण ईडब्ल्यूएस का लाभ नहीं ले पा रहे थे।

## सालासर धाम जाने के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी यह बस : ओमप्रकाश यादव

# दिल्ली से सालासर वाया नारनौल चलेगी रोडवेज, दिखाई हरी झंडी

### रोडवेज की इनकम भी बढ़ेगी तथा यात्रियों को बेहतरीन बस सुविधा भी मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


नारनौल। बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते विधायक ओमप्रकाश यादव। फोटो : हरिभूमि

विधायक एवं पूर्व मंत्री ओमप्रकाश यादव ने दिल्ली से सालासर के लिए शुरू की गई नई बस सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर रोडवेज जीएम देवदत्त भी मौजूद रहे। इस दौरान विधायक ने कहा कि यह बस सेवा क्षेत्रवासियों एवं सालासर धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि इलाके में सालासर जाने वाले श्रद्धालु बड़ी संख्या में मौजूद हैं तथा दूर–दराज से भी सालासर जाने के लिए लोग नारनौल आते रहते हैं। उन सभी को यह रोडवेज बस चलने से बड़ी फायदा होगा। उन्होंने प्रदेश की भाजपा सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सरकार जनहित में कदम उठा रही है और उनकी सुविधाओं को ध्यान में रखकर निर्णय लेती रहती है। रोडवेज बस का संचालन भी जनहित को मद्देनजर रखते हुए किया जा रहा है तथा इससे क्षेत्रवासियों को बड़ा लाभ होगा। इससे रोडवेज की इनकम भी बढ़ेगी तथा यात्रियों को बेहतरीन बस सुविधा भी मिलेगी।

रोडवेज के महाप्रबंधक देवदत्त ने बताया कि यह गाड़ी सुबह 6 बजकर 10 मिनट नारनौल से चलकर दिल्ली सराय काले खां जाएगी, जो कि 10 बजे पहुंचेगी, वहां से 10:30 पर वापिस चलते हुए दो बजकर 40 मिनट नारनौल पहुंचेगी और 7 बजे सालासर पहुंचेगी। अगले दिन सुबह 6 बजे सालासर से वापसी आएगी।

### जीएम व जनता ने जताया विधायक का आभार

जीएम ने कहा कि विधायक के प्रयासों से आमजन को यह बेहतर परिवहन सुविधा उपलब्ध हो रही है, जिसके लिए क्षेत्र की जनता उनका आभार व्यक्त करती है। नई रोडवेज बस के संचालन के समय विधायक के पीए गजेंद्र यादव, वर्कशॉप से वर्क्स मैनेजर संदीप, सीआई सतीश कुमार, सीआई ब्रह्मप्रकाश, स्टैंड इंचार्ज अनिल भीलवाड़ा, प्रीत्तम बागड़ी, इंस्पेक्टर हरिकिशन, ऑडिटर ओमपाल, हेड क्लर्क ऋषिराज, युजवेंद्र क्लर्क, जितेंद्र स्याना, अंकित खासपुर, दयानंद, विकास, आनंद, बालकिशन, सुरेंद्र वकील, हंसराज जितेंद्र, संजीव तथा चालक राजेश व परिचालक भरतेश आदि मौजूद रहे।


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते डीसी कैप्टन मनोज कुमार। फोटो : हरिभूमि

# अधूरे विकास कार्य जल्द पूरा करवाएंः उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने शुक्रवार लघु सचिवालय में डी-प्लान व डीएमएफ के तहत जिला में चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक की। डीसी ने डी-प्लान के तहत जिला में चल रहे 192 कार्यों की समीक्षा करते हुए पंचायत अधिकारियों को निर्देश दिए कि अधूरे विकास कार्यों को जल्द पूरा करवाकर उसकी रिपोर्ट डीसी कार्यालय में भिजवाए। किसी भी विकास कार्य में अगर संबंधित अधिकारी की लापरवाही मिली तो उस अधिकारी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने एडीसी तरुण पावरिया को निर्देश दिए कि जिला में डी प्लान के तहत जो भी कार्य चल रहे हैं उन सभी कार्यों की जांच कर रिपोर्ट कार्यालय में भिजवाए। डिस्टिक मिनिरल फाऊंडेशन के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कहा कि जिला में कुल 19 काम चल रहे हैं। इन सभी कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करवाएं।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांव बिगोपुर पहाड़ी क्षेत्र के पानी को रिचार्ज के लिए प्रयोग किया जाए। साथ ही गांव के सीवरेज के पानी को अलग तालाब में डाला जाए। उन्होंने कहा कि डीएमएफ में ऐसे काम शामिल किए जाएं जिनके लिए दूसरे किसी फंड से पैसा नहीं मिलता है। मौके पर एडीसी तरुण पावरिया, एसडीएम कनिका गोयल, नांगल चौधरी एसडीएम उदय सिंह, सिविल सर्जन डॉक्टर अशोक कुमार, डीडीपीओ प्रमोद कुमार आदि अधिकारी मौजूद थे।

# कांग्रेस ने खंड स्तरीय धरना दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंडी अटेली


मंडी अटेली। सिहमा में धरने पर बैठे कांग्रेसी।

जिला कांग्रेस पार्टी ने मनरेगा बचाओ संघर्ष अभियान के तहत सिहमा में खंड स्तर पर बाबा खेतानाथ पार्क में धरना प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम कांग्रेस पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। यह धरना प्रदर्शन कांग्रेस पार्टी की महिला जिला अध्यक्ष डा. राजवंती के नेतृत्व में किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गांधी जी का पूरा जीवन गरीब, मजदूर और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए समर्पित रहा। उन्हीं के विचारों से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना को बचाने के लिए संघर्ष कर रही है। वहीं कांग्रेस महिला जिला अध्यक्ष डा. राजवंती ने अपने संबोधन में कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार ने संविधान के साथ भी छेड़छाड़ करने की कोशिश की थी, लेकिन कांग्रेस ने इसका विरोध किया।

# आजीविका छीनने का प्रयास असहनीयः कुलदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ नांगल चौधरी


नांगल चौधरी। बीडीपीओ प्रांगण में रोष प्रदर्शन करते हुए कांग्रेसी कार्यकर्ता।

महात्मा गांधी के बलिदान दिवस पर जिला उप प्रधान एडवोकेट कुलदीप भरगड़ की अध्यक्षता में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की मीटिंग बीडीपीओ के प्रांगण में संपन्न हुई। जिसमें मनरेगा को कमजोर करने के प्रयासों पर रोष जताया तथा सरकार विरोधी नारेबाजी की। उन्होंने मनरेगा के स्वरूप को बहाल करने तथा रोजगार गांरटी को बढ़ाकर 200 दिन करने की मांग की। अन्यथा सड़कों पर आंदोलन तेज करने का अल्टीमेटम दिया है।

उन्होंने कहा कि मजदूरों को रोजगार देने के मकसद से कांग्रेस ने मनरेगा योजना क्रियाविंत की थी। जिसके तहत ग्रामीणों को रोजगार देने तथा विकास कार्य करने का प्रावधान है लेकिन भाजपा सरकार ने बीते दिनों मनरेगा को कमजोर करके मजदूरों की चिंता बढ़ा दी। भाजपा को केवल पुंजीपतियों की चिंता है और उनकी सुविधा के लिए कानून व योजनाओं को बदला जा रहा है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर जिला महासचिव प्रेम यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सत्यपाल दहिया, नंदलाल यादव, राज बडेसरा, होशियार सिंह रावत इत्यादि मौजूद रहे हैं।

## श्रद्धापूर्वक मनाया बलिदान दिवस

# शहीदों की याद में अधिकारियों ने रखा दो मिनट का मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


नारनौल। मौन धारण करते अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले अमर शहीदों की याद में शुक्रवार स्थानीय लघु सचिवालय में बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। हरियाणा सरकार के निर्देशों के अनुपालन में आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता नगराधीश डॉ. मंगलसेन ने की। प्रातः ठीक 11 बजे लघु सचिवालय परिसर में सायरन बजते ही सभी अधिकारी और कर्मचारी अपने-अपने स्थान पर खड़े हो गए और शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया। इस दौरान पूरे परिसर में पूर्ण शांति रही और कामकाज रोककर वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### चुनावी प्रक्रिया के समय में फेरबदल

महेंद्रगढ़। डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति में चल रही चुनावी प्रक्रिया के समय में फेरबदल किया गया है। चुनाव अधिकारी मनीराम ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मारक समिति महेंद्रगढ़, जिसका पंजीकरण संख्याःएनएनएल/17 वर्ष 2004-05 से पंजीकृत है तथा उक्त समिति हरियाणा रजिस्ट्रेशन एवं रेगुलेशनन ऑफ सोसायटी एक्ट 2012 के तहत वर्ष 2014 मे पंजीकरण संख्या 00डी21 को दिनांक 12.05.2014 को इस कार्यालय से पंजीकृत संस्था है। इस कार्यालय के पत्र कमांकः 1518 दिनांकः15.12.2025 के माध्यम से चुनाव अधिकारी डॉ. भीमराव अंबेडकर स्मारक समिति को संस्था की कार्यकारिणी के चुनाव करवाने के लिए निर्देश दिए थे। इस संस्था के चुनाव अधिकारी ने 12.01.2026 को संस्था की कार्यकारिणी के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी किया था। चुनाव कार्यक्रम बारे सुंदरलाल जौरासिया ने गत 14 जनवरी को एक पैटीशन इस कार्यालय में लगाई तथा नामांकन का समय कम दिए जाने बारे अपना ऐतराज जताया था। जिस पर 15 जनवरी को सभी पक्षों को विस्तार से सुना गया है। इसी दौरान अन्य सदस्यों की भी शिकायत इस कार्यालय में प्राप्त हुई, जिसमें भी नामांकन का समय बढ़ाने का निवेदन किया गया है।

# एडीसी ने की समाधान शिविर के कार्यों की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल


नारनौल। अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी तरुण पावरिया।

अतिरिक्त उपायुक्त तरुण पावरिया ने शुक्रवार लघु सचिवालय में समाधान शिविर को लेकर समीक्षा बैठक ली तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसी भी आमजन द्वारा आने वाली हर एक शिकायत को पूरी गंभीरता से लें और उनका तुरंत समाधान करें। उन्होंने निर्देश दिए कि हरियाणा सरकार और मुख्यमंत्री कार्यालय उन विभागों पर कड़ी नजर रखे हुए हैं, जिनकी शिकायतें लंबे समय से लंबित हैं। उन्होंने कहा कि एक्शन टेकन रिपोर्ट भेजते समय यह सुनिश्चित करें कि दी गई जानकारी सही हो। गलत रिपोर्ट भेजने पर संबंधित विभाग के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को सरकारी सेवाओं और योजनाओं का लाभ आसानी से पहुंचाना।


महेंद्रगढ़। मौन रखकर श्रद्धांजलि देते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### लघु सचिवालय में मनाया बलिदान दिवस

**महेंद्रगढ़।** भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अपने प्राणों की आहुति देने वाले उन अनगिनत क्रांतिकारियों और स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान में शुक्रवार को लघु सचिवालय परिसर में बलिदान दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। हरियाणा सरकार की ओर से जारी दिशा निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम की अध्यक्षता एसडीएम कनिका गोयल ने की। प्रातः ठीक 11:00 बजे लघु सचिवालय परिसर में सभी अधिकारी व कर्मचारियों ने अपने-अपने स्थान पर खड़े होकर शहीदों के सम्मान में दो मिनट का मौन धारण किया। एसडीएम कनिका गोयल ने कहा कि उन महान स्वतंत्रता सेनानियों की बदौलत ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं, जिन्होंने देश के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। उन्होंने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को ईमानदारी से निभाने की प्रेरणा देता है।

**साइबर क्राइम** | आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा

# टेलीग्राम के जरिए साइबर ठगों से जुड़ा एक और आरोपित पकड़ा, दस्तावेज बरामद

- सीएससी सेंटर व बीसी एजेंट की शिकायत पर हुआ था मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारनौल

साइबर थाना की पुलिस टीम ने साइबर धोखाधड़ी के मामले में एक ओर आरोपित को गिरफ्तार किया है। साइबर ठगी की वारदात को लेकर थाना साइबर क्राइम में मामला दर्ज किया गया था, जिसमें पुलिस ने आरोपित आर्यन वासी गोद को गिरफ्तार कर उसके पास से दस्तावेज और बैंक खातों का विवरण बरामद किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



गांव खटोटी खुर्द निवासी दीपक ने शिकायत दी कि वह गांव भाखरी के बस स्टैंड पर एक सीएससी सेंटर और पीएनबी ग्राहक सेवा केंद्र (बीसी एजेंट) संचालित करता है। शिकायत के अनुसार शिवम कुमार निवासी भाखरी उसकी दुकान पर आया और नकदी की आवश्यकता बताते हुए शिकायतकर्ता के क्यूआर कोड पर तीन बार में कुल 91 हजार रुपये ट्रांसफर किए। इसके बदले शिकायतकर्ता ने उसे नकद राशि दे दी। कुछ समय पश्चात बैंक द्वारा सूचित किया गया कि शिकायतकर्ता के खाते में साइबर फ्रॉड से संबंधित अवैध राशि आने के कारण खाता फ्रीज कर दिया था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इस मामले में पुलिस द्वारा दो आरोपितों को पहले गिरफ्तार किया गया था।

### आमजन यह रखें ध्यान

जिला पुलिस ने आम जनता और विशेष रूप से बैंकिंग सेवा केंद्र संचालकों को आगाह किया है कि वे किसी भी अनजान व्यक्ति के कहने पर अपने बैंक खाते या क्यूआर कोड का उपयोग न करने दें, क्योंकि ऐसी लापरवाही उन्हें अनजाने में साइबर अपराध का हिस्सा बना सकती है।

### साइबर ठगों के दिए लालच में फंसा

भारतीय रुपयों में बदलकर क्रिप्टोकरेंसी के जरिए कमीशन का दिया लालच पुलिस जांच और आरोपी के खुलासे से यह सामने आया है कि इस धोखाधड़ी का जाल टेलीग्राम के माध्यम से फैलाया गया था। गिरफ्तार आरोपी आर्यन ने बताया कि वह टेलीग्राम पर साइबर ठगों के संपर्क में था। ठगों ने उसे लालच दिया था कि यदि वह ठगी गई राशि को भारतीय रुपयों में बदलकर यूएसडीटी (क्रिप्टोकरेंसी) के जरिए उन्हें भेजेगा तो उसे भारी कमीशन दिया जाएगा। आरोपित ने ठगी की राशि प्राप्त करने के लिए इंडसइंड बैंक और पीएनबी के खातों का उपयोग किया। जब उसे डर लगा कि उसके खुद के खातों पर रोक लग सकती है तो उसने अपने परिचितों सोनू और राहुल के साथ मिलकर अन्य लोगों के खातों का सहारा लेना शुरू कर दिया। इसी क्रम में उन्होंने शिवम कुमार के माध्यम से सीएससी सेंटर के क्यूआर कोड का उपयोग कर पैसे निकलवाए थे।